ये गोकुल और ये ग्वाले नन्दलाला तुझे पुकारे लिरिक्स

ये गोकुल और ये ग्वाले,
नन्दलाला तुझे पुकारे,
तू आकर मुरली बजा रे,
मधुबन में रास रचा रे,
ये गोकुल और ग्वालें,
तेरा रस्ता निहारे,
मेरे प्यारे सांवरा,
तेरी मुरली बजा,
तू हम सब को नचा,
तेरी मुरली बजा,
तू हम सब को नचा।bd।

तर्ज – तू जब जब मुझको पुकारे।

मुरली बजाने वाला तू,
सबको नचाने वाला तू,
दुनिया बनाने वाला तू,
दुनिया चलाने वाला तू,
दुनिया को इंतजार है,
तुझसे बड़ा ही प्यार है,
तेरी झलक जो देख ले,
बेड़ा सभी का पार है,
नटखट आ रे,
झटपट आ रे,
अब देर ना लगा,
तेरी मुरली बजा,
तू हम सब को नचा,
तेरी मुरली बजा,
तू हम सब को नचा।bd।

सबको हंसाने वाला तू,
सबको लुभाने वाला तू,
गिरते हुए को थामकर,
ऊपर उठाने वाला तू,
काला सा तेरा रंग है,
प्यारा सा तेरा ढंग है,
सबके मन को भा गया,
हर दिल में तू समा गया,
नटखट आ रे,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

झटपट आ रे,
अब देर ना लगा,
तेरी मुरली बजा,
तू हम सब को नचा,
तेरी मुरली बजा,
तू हम सब को नचा।bd।

कैसे जियेंगे सांवरा,
बिन तेरे संसार में,
नैया खड़ी है सांवरा,
बिच भंवर मजधार में,
मुरली बजाकर आ भी जा,
और हमको तू ही बचा,
नटखट आ रे,
झटपट आ रे,
अब देर ना लगा,
तेरी मुरली बजा,
Bhajan Diary Lyrics,
तू हम सब को नचा,
तेरी मुरली बजा,
तू हम सब को नचा।bd।

ये गोकुल और ये ग्वाले,
नन्दलाला तुझे पुकारे,
तू आकर मुरली बजा रे,
मधुबन में रास रचा रे,
ये गोकुल और ग्वालें,
तेरा रस्ता निहारे,
मेरे प्यारे सांवरा,
तेरी मुरली बजा,
तू हम सब को नचा,
तेरी मुरली बजा,
तू हम सब को नचा।bd।

Singer – Akshita Rajput

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com